तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 27 दिसंबर 2023

140 पशु सखी एवं कृषि सखियों का दिया गया... 10



हमारा देश विश्व शक्ति के रूप में तेजी से उभर... 10





हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना-2023
सामान्य कूपन 27 दिसम्बर 2023
कूपन नं. 16

# जन्में कोलोडियन बेबी को शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की मेहनत से बचाई जान

महेन्द्र विश्वकर्मा ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के पोटाली गांव के ग्रामीणों के लिए शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.राजेश ध्रुव मसीहा बन गए। क्षेत्र के विभिन्न गांवों जाकर ग्रामीणों का उपचार कर चुके हैं, उपचार के लिए जरूरत पड़े तो गरीब ग्रामीणों को अपने पैसे से दवाइयां मंगाकर दे देते हैं। दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा ब्लॉक के पोटाली गांव के मिचीपारा की महिला ने एक ऐसे बच्चे को जन्म दिया है, जो आमतौर पर 1 से 2 लाख बच्चों के जन्म में देखने को मिलता है।

तकलीफ से जूझ रहे इस नवजात की जान दंतेवाड़ा जिला हास्पिटल के शिशु रोग विशेषज्ञ और उनकी टीम ने बचा ली है। पोज्जे मंडावी और मकाराम की संतान को जन्म से ही एसएनसीयू में रखना पड़ा, क्योंकि उसे रेयर स्किन डिजीज थी।

## पोटाली गांव के ग्रामीणों के लिए डॉ. राजेश ध्रुव बने मसीहा

### कठिन होता है इलाज

ऐसे मरीज का इलाज काफी कठिन होता है। इलाज के दौरान भी काफी कठिनाइयां सामने आती हैं। आमतौर पर जन्म के सप्ताह भर के भीतर शिशु की मृत्यु हो जाती है। कई तरह की परेशानियों जैसे डिहाइड्रेशन, ठीक से दूध न पीना, स्किन इंफैक्शन, इलेक्ट्रोलाइट इंबैलेंस के अलावा कई तरह के अन्य त्वचा संबंधी विकार देखने को मिलते हैं। यही वजह है कि शिशु की जान बचाना काफी कठिन होता है। डॉ. ध्रुव कहते हैं कि बहुत सी सावधानी और असेप्टिक प्रिकाशन लेकर उपचार करना होता है।





### मेहनत लाई रंग

डॉ. ध्रुव ने बताया कि सफलतापूर्वक उपचार पूरा हो जाने के बाद शिशु को डिस्चार्ज किया जा रहा है। बच्चे की जान बचाने और उपचार करने में हॉस्पिटल स्टाफ ने काफी मेहनत की। बच्चे के माता-पिता ने डाक्टरों के प्रति आभार प्रदर्शित किया और खुशी-खुशी अपने घर के लिए रवाना हुए।

मेडिकल की भाषा में इसे कोलोडियन बेबी कहा जाता है और बीमारी को कांजेंटियल इक्थीयोसिस कहा जाता है। दंतेवाड़ा के जिला हास्पिटल में लाए गए इस बच्चे का इलाज डॉ. ध्रुव ने शुरू किया, क्योंकि शिशु की समस्या जटिल थी, इसलिए इसे इंटेंसिव केयर दी गई।

**ऐसे होते हैं लक्षण :** बताया जा रहा है कि पूरे शरीर में एक थक्के पड़े हुए होते हैं और एक तरह से शरीर की चमड़ी मेंबरेन से ढंकी हुई होती है, जिसे स्केली स्किन कंडीशन भी कहा जाता है। जीन म्यूटेशन के कारण ऐसा होता है, जिसे आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की भाषा में कांजेंटियल ऑटोसोमल रिसेसिव भी कहा जाता है। बीमारी से पीड़ित का चेहरा और चमड़ी विकृत हो जाती है। आंखों की पलकें बाहर की तरफ निकल आती हैं और बच्चों के होंठ बाहर की तरफ इनवर्टेड हो जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### करेंट लगने से मजदूर घायल



**मारकेल।** नगरनार स्टील प्लांट में कार्यरत कंपनी भिलाई इंजीनियरिंग कार्पोरेशन लिमिटेड में काम करते समय मजदूर करंट के चपेट में आने से झुलस कर घायल हो गया है, जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल रेफर किया गया है। घायल मजदूर मानस पाणिग्राही पिता जदूनंदन पाणिग्राही निवासी मयूरभंज ओडिशा बताया जा रहा है।

### अक्षत कलश की पूजा कर निकाली गई कलशयात्रा

**चारामा।** अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहा है, जिसे लेकर ग्राम जैसाकर्रा में 25 दिसम्बर को अक्षत पूजन कलश यात्रा डीजे के धुन के साथ धूमधाम से निकाली गई। अयोध्या से आए अक्षत कलश को लेकर गांव के लोग काफी उत्साहित हैं। अक्षत कलश को ग्राम के शीतला मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात श्रीराम जानकी मंदिर बड़ेपारा में रखा गया है। विश्वहिंदू परिषद के जिला सहमंत्री अजय निषाद ने बताया की 1 से 15 जनवरी के बीच गांव के प्रत्येक घर में अक्षत, पत्रक और भगवान श्रीराम का चलचित्र पहुंचाया जाने की जानकारी दी गई।

### कोरर लैंप्स में मनाया गया सुशासन दिवस

**कांकेर।** लैंप्स कोरर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के अवसर पर सुशासन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान उपास्थित सभी किसानों को बोनस प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेमराज सिंह राठौर, अध्यक्षता सौरभ सिंह ठाकुर, विशिष्ठ अतिथि सर्वेश सिंह चौहान, अनूप सिंह राठौर, बलवंत सिंह, राजेश पांडेय, पीयूष कश्यप, रमेश दुग्गा, पदमा ठाकुर, हरबंश शिवना, नायब तहसीलदार कोरर, लैंप्स प्रबंधक महेंद्र टांडिया, लेखापाल ऊदल साहू व क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में कुलपति गुरु गोविंद सिंग के बलिदानी साहिबजादों की दी जानकारी

# खालसा के चार साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने मनाया गया वीर बालक दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर की एनएसएस इकाई के पहल पर 26 दिसम्बर मंगलवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. विजय श्रीवास्तव, विशिष्ठ अतिथि ग्रंथपाल डॉ. शोएब अंसारी एवं एनसीसी प्रभारी प्रो. किशन कुमार मरावी तथा कार्यक्रम के संयोजक एनएसएस प्रभारी प्रो. चंद्रप्रकाश यादव रहे। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों ने द्वीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात छात्राओं ने मां सरस्वती की वंदना का गायन किया।

प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि वीर बाल दिवस खालसा के चार साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। अंतिम सिख गुरु गोबिंद सिंह के छोटे बच्चों ने अपने आस्था की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। यह उनकी कहानियों को याद करने का भी दिन और यह जानने का भी दिन है कि कैसे उनकी निर्मम हत्या की गई। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई जिसमे भाषण प्रतियोगिता में सलीना, निबंध प्रतियोगिता में चंपा, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में गेंदेश्वर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।




### हमें अपने मूल्यों से समझौता नहीं करनी चाहिए

डॉ. अंसारी ने कहा कि यह दिन चार साहिबजादों के बलिदान को याद करने का दिन है। यह दिन हमें यह शिक्षा देता है कि हमें अपने मूल्यों से समझौता नहीं करनी चाहिए। यह दिन मानने का उद्देश्य यह है कि युवा ऐसे भारत के वीरों से सीख ले सकें और राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकें। प्रो. मरावी ने कहा कि भारत के जिन महान सपूतों ने देश को अक्षुण बनाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. यादव ने बताया कि आज ही के दिन चार साहिबजादो को मुगलों के द्वारा शहादत दे दी गई थी। इस प्राक्रम को मानने के लिए भारत सरकार द्वारा 2022 से यह दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है।

# 1.58 लाख रुपए का 130 बोरा अवैध धान जब्त






हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासन के धान खरीदी शुरू होने के चलते बस्तर संभाग के मंडियों में अवैध धान का परिवहन रोकने के लिए टीम गठित की गई है। इसके चलते मंडी, खाद्य, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी की टीम ने तीन वाहनों की जांच में 130 बोरा अवैध धान जब्त किया गया। जब्त धान की अनुमानित मूल्य एक लाख 58 हजार 400 रुपए बताया जा रहा है।

▪ जिला प्रशासन की टीम कर रही वाहनों की जांच

प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध धान परिवहन पर प्रतिबंध लगाने हेतु तहसीलदार द्वारा हाल ही में ओडिशा रोड ग्राम देवड़ा के रेलवे क्रासिंग के पास बिना कागजात के धान का अवैध परिवहन करते हुए प्रांत के बाहर ओडिशा से छत्तीसगढ़ लाया जा रहा था। जिसे जिला प्रशासन द्वारा गठित संयुक्त जांच दल के तहसीलदार लखीराम पाण्डेय के नेतृत्व में 3 वाहनों को रोक कर जांच किया गया। सीजी 20 जे 5856 में 12 बोरा धान 24.80 क्विंटल, जिसका मूल्य 54560 रुपए, सीजी 17 केयू 3755 में 56 बोरा धान 22.40 क्विंटल, जिसका मूल्य 49280 रुपए एवं सीजी केव्ही 6932 में 62 बोरा धान 24.80 क्विंटन अनुमानित मूल्य 54560 रुपए का अवैध परिवहन करते पाए गए।

पर उसे थाना नगरनार में जब्त कर सौपा गया है। उसके बाद जगदलपुर कृषि उपज मंडी निरीक्षक द्वारा उक्त अवैध कृषि उपज का मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत जब्ती प्रकरण की कार्यवाही कर उक्त लदे वाहनों को नगरनार थाना को सुपुर्दगी दी गई।

# पूजा कक्ष न हो तो निवास का कोई महत्व नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

श्रीमद भागवत कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ का आयोजन स्थानीय राजा रुद्र प्रताप दे टाउन क्लब प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। श्री राधा रमन भागवत समिति के तत्वाधान में मंगलवार को कथा व्यास अंकुश महाराज ने प्रवचन में कहा कि लिबास, निवास और विश्वास की बहुत जीवनोपयोगी महत्व बताया। हम सभी अच्छे-अच्छे लिबास पहनना चाहते हैं ये लिबास मुझ पर अच्छा लगेगा मैं बहुत अच्छा दिखूंगा। ऐसे लिबासों का कोई महत्व नहीं जब तक आपको अंतिम लिबास पहनाने को लोग न रहें। इसलिए अपने लिबास पहनने की नहीं औरों को लिबास पहनाए ताकि आपको अंतिम लिबास पहनाने वाले हो। दूसरी बात निवास मेरा बड़ा सा बंगला हो उस बंगले से लगा स्विमिंग पूल, बगीचा, पूरे कमरे अत्याधुनिक यंत्रों, साज सुविधाओं से सुसज्जित हो। किंतु उस बंगला, मकान, घर में भगवान का एक कमरा या पूजा कक्ष न हो तो ऐसे निवास का कोई महत्व नहीं। तीसरी बात विश्वास बहुत बड़ा महत्व है यदि हमारा व्यापार बड़ा है तो रुपए पैसे के लेन देन के लिये खजांची रखते हैं उस पर विश्वास करते हैं, हम अपना बहुत से कार्य दूसरों से करवाते हैं वे काम अच्छा करे या न करे हम विश्वास कर के ही काम करवाते हैं। इसी प्रकार हमें भगवान में भी विश्वास करना चाहिए। ये विश्वास ही हमें भगवान का दर्शन करवाते हैं। इस प्रकार जीवन में लिबास, निवास और विश्वास का विशेष महत्व, ध्यान रखना चाहिए।

▪ राजा रुद्र प्रताप दे टाउन क्लब प्रांगण में महाराज ने किया कथा





### कृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंगों का किया वर्णन

भागवत कथा में महाराज ने ध्रुव प्रसंग, भृगु, भूमि प्रसंग भरत प्रसंग राम जन्म एवं कृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंगों का वर्णन किया।

## 10-10 किलो के दो आईईडी बम बरामद, किया नष्ट



**कोण्टा।** पोलमपल्ली थाना क्षेत्र के गोरगुण्डा से बंजारापारा जाने वाले रोड के पास 10-10 किलो के दो आईईडी बमों को सुरक्षा बलों ने बरामद किया। संयुक्त अभियान के तहत थाना पोलमपल्ली क्षेत्र के पास बरामद बमों को सुरक्षा बलों द्वारा सूझबूझ एवं सर्तकता से आईईडी बमों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। सीआरपीएफ एवं जिला बल की संयुक्त कार्यवाही में यह सफलता जवानों को मिली है। जवानों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से लगाए गए इन आईईडी बमों को नष्ट कर जवानों ने एक बार फिर नक्सलियों के नापाक मंसूबों को फेल कर दिया है।

# शहर में निकली क्रिसमस रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चन्दैया मेमोरियल मेथोडिस्ट एपिस्कोपल लाल चर्च द्वारा क्रिसमस रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में शहरी नहीं ग्रामीण जन भी शामिल रहे और अपार आनंद जोर शोर से नाचते गाते रैली निकाली गई। शहर के प्रमुख चौक चौराहा से होती हुई रैली लाल चर्च मैदान में समाप्त हुई अंतिम आशीष डॉ. एस. सुना द्वारा दी गई और आभार माना गया। इस संबंध में रैली के आयोजकों में से रत्नेश बेंजामिन ने बताया कि लाल चर्च मैदान में जब रैली पहुंची तो दक्षिण का ढोल बाजा भी था और सब युवा पुरुष, महिला सब खुशी से उमंग के साथ नाचते गाते प्रभु यीशु मसीह की जय बड़ा दिन मुबारक हो कि नारे लगाते हुए गांव के भाइयों को रैली के अंत में विदा किया गया।


## नागपुर में 28 को कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस और विशाल रैली

# मोदी सरकार विपक्ष के आवाज को दबाने का प्रयास कर रही : सुशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

28 दिसम्बर को कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस के अवसर पर नागपुर में विशाल रैली हैं तैयार हम का आयोजन किया गया है। इस रैली में बस्तर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। उक्त जानकारी बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मोर्य ने दी।

राजीव भवन में मंगलवार को पत्रकारवार्ता में जिलाध्यक्ष मोर्य ने मोदी सरकार पर आरोप लगाते कहा मोदी सरकार विपक्ष के आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है, 146 सांसदों को निलम्बन किया गया है। उन्होंने कहा कि हैं तैयार हम रैली के माध्यम से लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज होगा। नागपुर में आयोजित इस रैली में देशभर कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण भी शामिल होंगे। नागपुर की रैली के माध्यम से देश की राजनीति में परिवर्तन का शंखनाद होगी। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में केन्द्र की भाजपा सरकार की विफलता, संवैधानिक संस्थाओं की स्वायता पर हमला के विरोध में रैली आम आदमी की आवाज होगी। कांग्रेस देश की आजादी के लिए लड़ा और आजादी के बाद भाजपा के नवनिर्माण में भी महत्वपूर्ण योदान है।



**तानाशाही सरकार चल रही :** पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि केन्द्र में तानाशाही सरकार चल रही है। नागपुर की रैली से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार होगा। इस दौरान महापौर सफीरा साहू, राजेश राय, अवधेश झा, महेश द्विवेदी सहित अन्य उपस्थित थे।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9424293029, 9131893124

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नारायणपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालिक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों में प्रचार प्रसार करने के लिए कलेक्टर अजीत वसंत ने रथ को जिला कार्यालय के परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन जिले में संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में जाकर लोगों को जागरूक करेगा, जिसमें राश्ट्रीय पोशण मिशन अंतर्गत पोशण के सुनहरे 1000 दिन, एनिमिया और डायरिया से बचाव, स्वच्छता एवं हैण्डवाश का उपयोग, पौश्टिक आहार सहित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बेटी है वरदान इसका करो सम्मान की नारा भी रथ मे लिखा गया है, जिसको लोग पढ़कर जागरूक होंगे। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी अजीत सिंह, संरक्षण अधिकारी सरिता वंजारी, विजय निर्मलकर सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

### राजपुर में मड़ई मेला 8 को

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में ग्रामवासियों के सहयोग से 8 जनवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में भूपेन्द्र साहू कृत रंग सरोवर बारूका जिला गरियाबंद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष बिरझू कंवर, कोषाध्यक्ष जयराम सिन्हा, सचिव चंद्रहास ध्रुव ने दी है।

### भर्रीगांव में मानसगान सम्मेलन 5 से

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम भर्रीगांव में तीन दिवसीय भव्य सस्वर मानसगान सम्मेलन 5 से 7 जनवरी तक किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ स्तर की ख्यातिप्राप्त मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ 5 जनवरी को शाम 4 बजे जिला पंचायत सभापति मीना सत्येन्द्र साहू के मुख्य आतिथ्य सरपंच, सुनीता साहू की अध्यक्षता एवं पुष्पाबाई साहू, अहिल्या साहू राजकुमारी साहू, त्रिवेणी साहू, गिरिजा साहू, संजय साहू, कुशलराम साहू के विशिष्ट आतिथ्य में होगा। समापन 7 जनवरी को विजय वर्मा सिविल इंजीनियर के मुख्य आतिथ्य में होगा। अध्यक्षता एचआर साहू अभियंता करेंगे। विशेष अतिथि मेनसिंग साहू, सोनउराम मात्रे, सेवकराम साहू, गोविंद साहू होंगे।

### डॉ. चोवाराम को श्री अटल सेवा सम्मान मिला

**जीजामगांव।** स्थानीय दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में प्राचार्य पद पर कार्यरत डॉ. चोवाराम यदु को श्री अटल सेवा सम्मान से सम्मानित किया। विदित हो कि डॉ. यदु 2003 से महाविद्यालय में अध्यापन कार्य से जुड़े हुए हैं। अध्यापन के अतिरिक्त सामाजिक, सास्कृतिक, साहित्यिक एवं शोध कार्यों में लगातार कार्य कर रहे हैं। हिन्दी में कविता लेखन के लिए अनेक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। श्री अटल सेवा सम्मान प्राप्त करने पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं भूतपूर्व छात्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।

---

### विधायक टेकाम ने क्रिसमस पर्व में शामिल होकर लोगों को बधाई दी

# मसीह समाज ने मनाया क्रिसमस का पर्व खुशियां बांटकर एक दूसरे को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

25 दिसम्बर सोमवार को मसीह समुदाय के लोगों ने क्रिसमस के पर्व को फरसगांव नगर में धूमधाम के साथ मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को हैप्पी क्रिसमस बोलकर खुशियां बांटी और बधाई दी। वहीं केशकाल विधायक नीलकण्ठ टेकाम भी क्रिसमस पर्व में शामिल होकर समुदाय के लोगों को बधाई शुभकामनायें दिए।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी फ़रसगांव नगर के नवीन कॉलोनी में स्थित क्राईस्ट प्रेयर इम्मानुएल चर्च में पासवान एवम समस्त कलीसिया के द्वारा क्रिसमस पर्व को मनाया गया। चर्च में पासवान संतोष, राधे लाल नेताम, राधे श्रीवास, सोमनाथ मरकाम, गयाप्रसाद बैध, जयराम वीके, भूपेंद्र, पवन साहू, बालसिंग मरकाम, सौरव, संतोष, रामकुमार, बलदेव, शिव, धीरज सागर सहित समस्त कलीसिया के द्वारा एकत्रित होकर विशेष प्रार्थना के माध्यम से प्रभु के सन्देशों का पाठ किया।




इसी तरह नगर के गांधी चौक में प्रवीण राव के घर उनके परिवार और मसीह समुदाय के लोगो ने भी धूमधाम के साथ क्रिसमस पर्व को मनाया गया। समाज के निमत्रंण पर केशकाल विधायक नीलकण्ठ टेकाम भी क्रिसमस पर्व में शामिल हुए उनके द्वारा केक काट गया और उपस्तिथ सभी ईसाइयों को क्रिसमस पर्व की बधाई दी गई। उपस्थित जनों को बाइबल में दिए गए प्रभु के संदेश और उनके वचन को पढ़ कर आत्मसात की कसम खाई। नगर के ईसाई समुदाय के अध्यक्ष प्रवीण राव ने बताया कि प्रभु यीशु मसीह ने समाज में हमेशा ही मानवता को प्रथम महत्व देने का संदेश दिया है। प्रभु ईसा मसीह ने मानवता और शांति के लिए खुद को बलिदान कर दिया था और वह हंसते हुए क्रूस पर चढ़ गए। प्रभु ईसा मसीह ने दुनिया में अमन चैन और शांति बनाए रखने के लिए संदेश दिया है। इसी संदेश को मानते हुए मसीही जन मानवता की सेवा के लिए कार्य करते हैं।

इस दौरान मसीह समाज फ़रसगांव ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण राव , श्रीमती संगीता राव, प्रफुल्ल राव, प्रवीर सिंह बदेशा, तरुण साना, सुरेश जायसवाल, राजेश सोना, जोतिष चावरिया , डिक्की जायसवाल, गणेश दुग्गा, गणेश जायसवाल, चन्द्रप्रकाश पाण्डे, सहित मसीह समाज के लोग उपस्थित रहे।

---

## 140 पशु सखी एवं कृषि सखियों का दिया गया प्रशिक्षण



**फरसगांव।** छतीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत विकासखण्ड फरसगांव में चयनित कुल 70 पशु सखियों और 70 कृषि सखियों को दो चरणों को प्रशिक्षण दिया गया।

जिसमें सर्वप्रथम 70 पशु सखियों को 19 से 24 दिसम्बर तक सामुदायिक भवन फरसगांव में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जी.एल. चुरेन्द्र के मार्गदर्शन में पशु सखियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें पशु सखियों के कार्य तथा पशुओं का टीकाकरण, पशुओं मे होने वाली बीमारियों के घरेलु उपचार एवं चिकित्सा उपचार की सम्पूर्ण जानकारी बिहान के टीम एवं विकासखण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी प्रियंका ठाकुर, सहायक पशु चिक्तिसा अधिकारी डीपी साहू के द्वारा पशु सखियों को 03 दिवस तक पशुओं से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी प्रदान किया गया।

जिसके बाद इसी तरह 70 कृषि सखियों का भी दो चरण में 08 से 13 दिसम्बर तक सामुदायिक भवन फरसगांव में प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें कृषि से संबंधित जैविक कृषि, प्राकृतिक कृषि एवं तकनिकी विधि से किये जाने वाले कृषि कार्यों के विषय पर टिकेन्द्र हिरवानी (बी.पी.एम.) कृषि विभाग एवं वाय.पी. के द्वारा कृषि सखियों के कार्य एवं फसलों में होने वाली बिमारी तथा उपचार की जानकारी के साथ जैविक दवाई, कीटनाशक निर्माण एवं उपयोग की जानकारी प्रदान की गई, जिसमें मुख्य रूप से जैविक दवाइयों (निमास्त्र, ब्रम्हास्त्र, अग्नास्त्र, द्रव्य जीवामृत, घनजीवामृत, खट्टा-मट्ठा) जैविक खाद (वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप खाद, हरी खाद, अजोला) नये तकनीक से सब्जी एवं धान उत्पादन (मचान विधि, 36'36 मॉडल, श्री विधि, कतार विधि, एवं लाइन विधि) विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

---

# महंगाई, बेरोजगारी केंद्र सरकार की विफलता, आम जनता की आवाज बनने कांग्रेस की विशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

28 दिसम्बर को नागपुर में कांग्रेस ने विशाल रैली है तैयार है हम, का आयोजन किया है, जिसमें देशभर से कांग्रेस के कार्यकर्ता व राष्ट्रीय नेता भाग लेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रजनू नेताम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया की भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की 139वां स्थापना दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश सहित जिले से भी सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में भाग लेंने नागपुर जाएंगे, आगे उन्होंने बताया कि यहां रैली से 2024 के लोकसभा चुनाव का आगाज है जो देश में सत्ता के परिवर्तन का शंखनाद होगा कांग्रेस पार्टी 1885 से जनता की आवाज बनकर उनके संघर्षों के आवाज़ बनती रही है, आजादी की लड़ाई मे भी कांग्रेस पार्टी ने लड़ा और देश को आजाद कराया है। नवनिर्माण भी कांग्रेस पार्टी ने किया है, आम जनता को लेकर जनसमस्या को लेकर जनता की आवाज़ बने रहेंगे। यही लोकसभा 2024 में बदलाव लाएगा जो जनता की आवाज़ उठाने, है तैयार हम कार्यक्रम सफल होंगी प्रेस कॉन्फ्रेंस में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन शेख तौहीद अहमद महासचिव जिला कांग्रेस, शहर कांग्रेस. अध्यक्ष रघु मानिकपुरी एवं अन्य कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

- नागपुर में होगा है तैयार हम 2024 का चुनावी आगाज

---

# हमारा देश विश्व शक्ति के रूप में तेजी से उभर रहा : वरुण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आदिवासी हल्बा समाज 18 गढ़ महासभा कोटपाड़ गढ़ के अंतर्गत पालीग्राम जैतगिरी में हर्षोल्लास के साथ शक्ति दिवस मनाया गया।

समाज की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया एवं हल्बा समाज के वीर शहीद शिरोमणि गैंदसिंह के शहादत व उनके योगदान को याद किया गया।

- ध्वजारोहण कर जैतगिरी में मनाया गया हल्बा समाज का शक्ति दिवस



समाज के युवा प्रकोष्ठ के कोटपाड़ गढ़ अध्यक्ष वरुण साहनी ने सभी सगा बिरादर को संबोधित करते हुए इतिहास में जनहित के लिए हल्बा समाज एवं समाज के वीरों के द्वारा दिए गए योगदान को याद किया एवं कहा कि आज हमारा देश विश्व शक्ति के रूप में तेजी से उभर रहा है। आज हम सभी समाज के युवाओं का जिम्मेदारी है कि हम यह सभी अपना योगदान निश्चित करे और विभिन्न कार्यक्षेत्रों में अपना कीर्तिमान स्थापित करें। हल्बा आदिवासी समाज के द्वारा प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को अखिल भारतीय स्तर के पांचों महासभा एक महामंच पर एक विशाल शक्ति के रूप में शक्ति दिवस धूमधाम से मनाया जाता है, समाज के ऐसे कार्यक्रमों से सभ्यता, संस्कृति का बोध होता है, हमारा समाज स्वभाव से सरल व अपने में आदर्श होते हैं, जिसके चलते आदिवासी हल्बा समाज अपने स्वच्छ विचारों पर चलने वाली समाज है ।

इस दौरान लक्ष्मण भोयर, फरसूराम भोयर, हीरासिंह भोयर, मुनीम साहनी, लेबोराम मांझी, प्रेम देहारी, प्रवीण भोयर, अनंत भोयर, पीलाबाई साहनी, अनिता साहनी एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

---

# खदानें तो बंद नहीं हुईं उल्टे बढ़ गए रेत के दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

माइनिंग की कार्रवाई से अवैध रेत खदानें तो बंद नहीं हुई लेकिन रेत के दाम जरूर बढ़ गए हैं। इन खदानों में रेत निकासी के लिए 300-500 रुपए प्रति ट्रैक्टर वसूला जा रहा है। मटेरियल सप्लायरों ने रेत के दाम में 300 से 400 रुपए की बढ़ोतरी कर दी है। इस गड़बड़ी का सीधा-सीधा असर भवन निर्माण कर रहे लोगों पर पड़ रहा है।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद माइनिंग विभाग एक्टिव हो गया है। खदान चलाने वालों की बैठक लेकर अवैध खदानों को बंद करने के निर्देश दिए थे लेकिन इन खदानों में ट्रैक्टरों से उत्खनन बंद नहीं हुआ। माइनिंग विभाग और आरटीओ ने कुछ गाड़ियों पर कार्रवाई भी की। इसका असर यह देखने को मिला कि अवैध खदानों में रेत निकासी महंगी कर दी गई। जानकारी के अनुसार अछोटा, तेंदूकोना और अमेठी रेत खदान में मीडियम रेत की निकासी 300 रूपए और प्लास्टर रेत की निकासी के लिए 500 रुपए वसूला जा रहा है।

पहले मीडियम रेत के लिए 150 रुपए और प्लास्टर रेत के लिए 300 रुपए वसूले जा रहे थे। खदानों में ही दो गुना ज्यादा राशि वसूले जाने पर मटेरियल सप्लायरों ने भी रेत के दाम बढ़ा दिए हैं।



शहर में मीडियम रेत 900-1000 रुपए में बिक रही थी। अब वह 1200 रुपए तक हो गई है। ऐसे में भवन निर्माण कर रहे लोगों को प्रति ट्रैक्टर 300 रुपए तक अतिरिक्त देना पड़ रहा है। महानदी के तट पर बसे होने के बाद भी भवन निर्माताओं को रेत महंगे दाम में खरीदनी पड़ रही है।

### हाइवा में भी महंगाई

कार्रवाई के बाद हाइवा में नदी लोडिंग बंद कर दी गई है। अब डंपिंग से रेत लोडिंग दी जा रही है। लोडिंग चार्ज भी काफी महंगा लिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पहले 500 फीट हाइवा से 3000 हजार रुपए लोडिंग ली जा रही थी, जिसे बढ़ाकर 5000 रुपए कर दी गई है। इसके अतिरिक्त पिटपास के लिए भी 3000 से 4000 रुपए शुल्क पटाना पड़ रहा है। डीजल और भाड़ा जोड़कर 3000 हजार रुपए खर्च आता है। ऐसे में भवन निर्माताओं को एक हाइवा रेत 10000 रुपए से ज्यादा पड़ रहा है।

### कोई खदान वैध नहीं

जिले में 4 खदान बारना, सोनेवारा, सेमरा बी, परेवाडीह खदान को वैध बताया गया था। अब इन खदानों को बंद कर दिया गया है। जिन खदानों से ट्रैक्टरों से निकासी हो रही है, वे खदानें तो पूरी तरह से अवैध हैं, इसके बाद भी यहां से निकासी पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

---

## कोविड की तैयारियों को लेकर शासकीय अस्पतालों में हुआ मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

देश व प्रदेश में कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे को देखते हुए जिला अस्पताल सहित जिले के सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कोविड की तैयारियों को लेकर मॉकड्रिल किया गया। वहीं जिन स्वास्थ्य केंद्रों में उपकरण व प्लांट क्रियाशील नहीं है, उसे तत्काल सुधारवाने निर्देशित किया गया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बीते शुक्रवार को कोविड 19 की तैयारियों एवं अन्य मुद्दों के संबंध में समीक्षा बैठक व वीडियां कांफ्रेसिंग आयोजित की गई थी। जिसमें कोरोना गाइडलाइन का पालन, जांच, उपचार के लिए किट्स व दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया था।



इस संबंध में जिला प्रशासन के निर्देश पर सीएमएचओ डा.एसके मंडल, सर्विलेंस अधिकारी डा.यूएल कौशिक, डीपीएम डा.प्रिया कंवर के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल व जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कोविड मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉकड्रिल में संबंधित अधिकारियों द्वारा जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल कुरूद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भखारा एवं गुजरा में कोविड मॉकड्रिल किया गया।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

---

# तीन गांजा तस्करों को 10-10 साल सजा और एक-एक लाख का अर्थदण्ड

**फरसगगांव।** अवैध गांजा की तस्करी करते पकड़ाए तीन गांजा तस्करों को कोण्डागांव न्यायालय ने 10-10 साल की सजा सुनाने के साथ एक एक लाख रुपये का अर्थदंड से दण्डित किया है। इस प्रकरण में शासन की ओर से प्रभा मिश्रा, विशेष लोक अभियोजक ने पैरवी की।

13 जुलाई 2019 को मुखबिर की सूचना पर फ़रसगांव पुलिस ने थाने के सामने जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रही एक गोल्डन रंग की होण्डा सिटी कार यूपी 70 डीजेड 5169 को रोककर तलाशी के दौरान कार में रखे अवैध गांजा बरामद किया, कार में बैठे राजू सोनकर पिता झब्बर सोनकर (22), निवासी भीमापुर (उ.प्र.), दिलीप आदिवासी उर्फ राहुल पिता




रामलखन आदिवासी (22), निवासी विसम्भरपुर नेवादा (उ.प्र.), मनोजा सिंह पति ज्ञानसिंह (33), निवासी-औता महावीर (उ.प्र.) के द्वारा कार में अवैध गांजा को छिपाकर उत्तरप्रदेश ले जा रहे थे।

पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर उनके पास से 52.151 किलोग्राम अवैध गांजा को जब्त कर तीनो आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपीगण के विरुद्ध अपराध क्र. 57/2019 धारा 20(ख)2(ग) एनडीपीएस एक्ट का प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किया। आरोपी के विरुद्ध चालानी कार्यवाही योग्य पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### न्यायालय ने सुनाई सजा

कोण्डागांव जिले के विषेश सत्र न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) कोण्डागांव के न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप ने प्रकरण का विचारण कर आरोपीगण को धारा 20 (बी) (2-सी) स्वापक औषधी एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम के आरोप में दस-दस वर्ष के सश्रम करावास एवं एक-एक लाख रुपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड की राशि अदा होने के व्यतिक्रम पर 01-01 वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास पृथक से भुगताये जाने का आदेश पारित किया गया है।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने जयंती पर अटल को किया याद



**बीजापुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन के श्रीनिवास मुदलियार के तत्वावधान में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान सभी ने उनके देश हित में किए गए कार्यों को याद किया। भाजपा नगर में स्थित भाजपा अटल सदन कार्यालय के अलावा अटल चौक बीजापुर में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर माल्यार्पण कर मिठाई बांटी गई।

### फल व कम्बल का वितरण

स्व. अटल की जन्म जयंती के शुभ अवसर पर भाजपाइयों द्वारा जिला हॉस्पिटल बीजापुर में पहुंचकर मरीजों को फल व कम्बल वितरण किया गया और स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना। इस दौरान जिला महामंत्री सतेंद्र सिंह ठाकुर जी,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुखलाल पुजारी जी,कोषाध्यक्ष संजय लुक्कड़ जी,किसान मोर्चा अध्यक्ष घांसीराम नाग जी,अशोक राव जी, जागर लचमैया जी, तिरुपति कटला जी, इकबाल खान जी, नंद किशोर राना जी,फूलचंद गागड़ा जी, प्रताप यादव जी एवं पार्टी के समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

### बारसूर लेम्पस में धान बेचने वाले 226 किसानों को मिला लाभ

# किसानों के खाते में बकाया बोनस जमा





**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बारसूर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर अमल करते हुए दक्षिण बस्तर के किसानों को लगभग दो करोड़ रुपये का बकाया धान बोनस का वितरण किया गया। बारसूर लेम्पस में धान बेचने वाले 226 किसानों को भी इसका फ़ायदा मिला। जिला सहकारी बैंक दंतेवाड़ा की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस पर बालुद उपार्जन केन्द्र में बोनस वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रमन सरकार के कार्यकाल का दो साल का धान का बकाया बोनस प्रमाण पत्र किसानों को सौपा गया। ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी की ओर से मोदी की गारंटी के तहत किसानों से दो साल का बकाया धान बोनस भुगतान का वादा किया गया था। इसके तहत राज्य सरकार ने 100 दिन के कार्ययोजना में शामिल कर बोनस भुगतान का वादा पूरा कर लिया। बकाया बोनस खाते में अंतरण किए जाने पर इलाके के किसानों ने खुशी जाहिर की है। वही धान का प्रति क्विंटल 3100 रूपये भुगतान किए जाने के वादे को भी पूरा करने की मांग की है। अभी लेम्पस सोसायटियों में किसानों को मोटा धान 2183 रुपये प्रति क्विंटल भुगतान किया जा रहा है। इसलिए इस खरीदी सीजन में अब तक धान बेचने वाले किसान उन्हें अंतर की राशि मिलेगी या नहीं, इसको लेकर आशंकित है। जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक सीएल यादव ने बताया कि वर्ष 2014-15 और 2015-16 का बकाया बोनस कुल 2315 किसानों को 1 करोड़ 96 लाख 24 हजार 659 रूपये खाते में अंतरण किया गया। इस खरीदी सीजन में धान उपार्जन का काम जारी है। सभी केन्द्रों में बारदाना से लेकर अन्य आवश्यक सुविधा किसानों को

### अरनपुर में धान की आवक निरंक



खरीदी शुरू हुए दो माह होने जा रहा है आज की स्थिति में अरनपुर धान केन्द्र में आवक निरंक है। किसानों की सुविधा को देखते हुए इसी साल अरनपुर को नया केन्द्र बनाया गया है। जिले के अन्य 14 केन्द्रों में 25 दिसम्बर की स्थिति में 18992.40 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है। इसमें 1620 क्विंटल धान का परिदान किया जा चुका है। गीदम उपार्जन केन्द्र में सबसे अधिक 3414 क्विंटल धान का स्टाक है जिसका उठाव नहीं हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### शौचालय की हो रही ग्रेडिंग

**गीदम।** भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छ शौचालय कैंपेन के तहत नगर पंचायत बारसूर के अंतर्गत सभी सार्वजनिक/सामुदयिक शौचालय का एनयूएलएम के स्व सहायता समूह द्वारा शासन द्वारा तय किये गए मानको के आधार पर निकाय के सभी शौचालय के बेहतर रख रखाव, मूल भूत सुविधाओ एवं साफ सफाई का ध्यान रखते हुए ग्रेडिंग किया जा रहा है।

### सूत्रों को रंगोली के माध्यम से बना कर किया प्रदर्शित

**गीदम।** सरस्वती शिशु मंदिर दंतेवाड़ा में महान गणितज्ञ रामानुज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय में श्रीरामानुज को याद करते हुए उनके दिये सूत्रों को रंगोली के माध्यम से बनाकर अभिभावकों के सामने प्रदर्शित किया। साथ ही बच्चो के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अरुण, उदय के भईया बहनों के द्वारा फेंशी ड्रेस के माध्यम से अपने महान विभूतियों को और उनकी यादो साकार किया गया। विद्यालय के प्राचार्य बलराम यादव ने कहा कि प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनाने के लिए हर साल राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का ढोल बाजे के साथ किया स्वागत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा**

- सीईओ ने लगाए विभागों के स्टॉल का अवलोकन किया



विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ शनिवार को दरभा ब्लॉक के नेगानार में पहुंचा जहां ग्रामीणों ने ढोल बाजे के साथ फूलमाले से भव्य स्वागत किया। केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन दरभा विकासखंड के सेड़वा और नेगानार में किया गया।

इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया साथ ही केंद्र सरकार की जनहित कार्य योजनाओं के बारे में जानने के साथ-साथ लाभ भी उठाया। जिन वादों के दम पर भाजपा ने छत्तीसगढ़ में सरकार बनाये हैं उन वादों को अमल करने के लिए सरकार ने काम शुरू कर दिया है। इस कार्यक्रम में भाजपा के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति थी जिन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं के विषय में बताया की इस यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना और नीतियों के बारे में जागरूकता फैलाना एवं प्रमुख सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचना है।

वहीं इस कार्यक्रम में पहुंचे बस्तर कलेक्टर पी विजय दयाराम ने कहा की केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफर दरभा विकासखंड में निरंतर जारी है।

बस्तर कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने केंद्र सरकार की योजनाओं का लगाए गए अलग-अलग विभागों द्वारा स्टॉल का अवलोकन किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य सीता नाग, भाजपा मंडल अध्यक्ष फूलसिंह सेटिया, पूर्व जनपद सदस्य गागरा राम नाग, जनपद के मुख्यकार्य पालन अधिकारी केशरी लाल फाफा, बीईओ, बीएमओ एवं समस्त विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं भारी संख्या में ग्रामीणों को उपस्थिति रही।

# खेल व कला का हूनर बच्चों में हो : अटामी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम**




उत्तम व्यक्ति बनने के लिए शिक्षा के साथ साथ खेल एवं कला का हुनर हर बच्चे में होना जरूरी है। दन्तेवाड़ा जिले के गीदम विकासखंड में एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के दिशा निर्देशों के अनुसार वर्ष 2023-24 हेतु विद्यालय का तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यालय के अरपा, पैरी, शंखनी, डंकनी, शिवनाथ, शबरी, महानदी एवं इंद्रावती हाउस के मध्य बालिका तथा बालक वर्ग में प्रथम कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के छात्र छात्राओं का खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। 50, 100, 200, 400, 800 मीटर दौड़, रिले दौड़, तीन पैर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, तवा फेंक, वॉलीबॉल, खो खो, कबड्डी आदि खेलों में 8 हाउस के 1200 बच्चे हिस्सा लिया। इस खेल प्रतियोगिता का प्रारंभ शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष बोमडा राम कोवासी एवं प्राचार्य गोपाल पांडे ने मशाल जलाकर शुभारंभ किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम, संगीता नेताम, गीदम जनपद पंचायत अध्यक्ष अंति वेक, जनपद पंचायत सदस्य राजेश कश्यप, जावंगा ग्राम पंचायत सरपंच आरती कोवासी, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष बोमड़ा राम कोवासी, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. बुधरी ताती, जिला मिशन समन्वयक श्यामलाल शोरी, एपीसी सिकंदर खान, राजेंद्र पांडे, एबीईओ भवानी पूनेम, संकुल समन्वयक नितिन विश्वकर्मा उपस्थित थे। इस खेल प्रतियोगिता का ओवरऑल चैंपियन प्रथम शबरी हाउस, द्वितीय रनरअप डांकिनी हाउस एवं तृतीय रनरअप शिवनाथ हाउस मेंटर्स को मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों व अतिथियों ने शील्ड तथा पुरस्कार दे कर सम्मानित किया। समापन समारोह कार्यक्रम में नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा शानदार सांस्कृतिक डांस एवं गीत प्रदर्शन कर मनमुग्ध किया। विभिन्न खेल विधाओं में विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया एवं मिष्ठान वितरण तथा नगद राशि अतिथियों ने प्रदान किया।

# साउथ एशिया थाई बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के लिए दंतेवाड़ा के 7 खिलाड़ी हुए रवाना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा**



नेपाल काठमांडू में आयोजित होने वाले साउथ एशिया थाई बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के लिए दंतेवाड़ा जिले से 7 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता के लिए रवाना हुए। इसका आयोजन नेपाल काठमांडू में 27 से 29 दिसंबर तक आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से कुल 18 खिलाड़ियों के साथ ही अंतरराष्ट्रीय रेफरी कोच और बाको इंडिया छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष दीपक प्रसाद के नेतृत्व में टीम रवाना हुए है। जिसमें दंतेवाड़ा जिले से 7 खिलाड़ी - पुष्पा नायक (-47 केजी) निरंजली सोनी (- 55 केजी) भावना निसाद (-45) संदीप साह (-71 केजी) आनंद ठाकुर (-36 केजी) आयुष सिंह राजपूत (-65 केजी) साहिल रात्रे (-69 केजी) भाग लेंगे इसके पूर्व में भी 2 खिलाड़ी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए नेपाल और थाईलैंड में गोल्ड मेडल हासिल किया था वही संदीप साह दंतेवाड़ा जिले के बॉक्सिंग एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी हैं नेपाल और थाईलैंड इंटरनेशनल में भी गोल्ड मेडल हासिल किया हुआ है इस प्रतियोगिता में हमारे विधायक चैतराम अटामी का विशेष योगदान सहयोग और आशीर्वाद प्रपात हुआ है भाजपा दंतेवाड़ा मंडल सदस्य श्रीमती सुचित्रा साठवाने, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता का विशेष योगदान रहा है। शामिल हो रहे इन सभी खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा वाको इंडिया छत्तीसगढ़ के जनरल सेक्रेटरी शेक वसीम डीएसपी राहुल सर, ओजस्वी मंडावी, डीईओ, एससी आनंद सिंह, नरेंद्र सर, खेल अधिकारी सतीश श्रीवास्तव, गौतम गहिर, सुनीता गोस्वामी, संगीता साह, संदीप स्वाराज, सोनू शर्मा ने सभी खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र.202310152200022/8

**// उद्घोषणा //**

इस उदघोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मण कोर्राम पिता धीनुराम कोर्राम जाति कोर्राम ग्राम सांवरा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने बड़े पिता स्व. बलराम कोर्राम पिता लक्ष्मण कोर्राम निवासी ग्राम सांवरा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अंतः आवेदक के बड़े पिता स्व. बलराम कोर्राम ग्राम सांवरा का दिनाक 14/07/2017 को मृत्यु हुई है। आवेदक लक्ष्मण कोर्राम पिता धीनुराम कोर्राम जाति कोर्राम ग्राम सांवरा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के बड़े पिता स्व. बलराम कोर्राम का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 29/12/2023 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनाक 21/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बकावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र.20231215220000/6

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णलाल महान्ती पिता जुगलाल महान्ती जाति कायस्थ ग्राम जैतगिरी तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने नाति अनुभव महान्ती s/o जितेन्द्र महान्ती निवासी ग्राम जैतगिरी तहसील बकावण्ड जिला बस्तर छ.ग. का जन्म प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के नाति अनुभव महान्ती ग्राम जैतगिरी का दिनांक 24/10/2006 को जन्म हुई है। आवेदक कृष्णलाल महान्ती पिता जुगलाल महान्ती जाति कायस्थ ग्राम जैतगिरी तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के नाति अनुभव मस्कान महान्ती का जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 30/12/2023 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 14/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बकावण्ड जिला बस्तर

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बकावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र.20231215220000/5

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णलाल महान्ती पिता जुगलाल जाति कायस्थ ग्राम जैतगिरी तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने नातिन निवासी ग्राम जैतगिरी तहसील बकावण्ड जिला बस्तर छ.ग. का जन्म प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के नातिन कु. मुस्कान महान्ती s/o जितेन्द्र महान्ती ग्राम जैतगिरी का दिनांक 04/12/2003 को जन्म हुई है। आवेदक कृष्णलाल महान्ती पिता जुगलाल महान्ती जाति कायस्थ ग्राम जैतगिरी तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के नातिन कु.मस्कान महान्ती जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 30/12/2023 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 14/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बकावण्ड जिला बस्तर

**कार्यालय तहसीलदार दरभा, जिला बस्तर (छ.ग.)**

ई-कोर्ट 202312152800005
रा.प्र.क्र./ब-121/2023-24

**// इस्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय नायब तहसीलदार दरभा के रा.प्रकरण क्रमांक/ई कोर्ट क्रमांक 202312152800005 आवेदक सोमारी पिता स्व. गडरू जाति घडवा, निवासी ग्राम कामानार तहसील दरभा द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि उनके पिता स्व. गडरू पिता दुरदशी का मृत्यु दिनांक 02/05/2008 को ग्राम कामानार तहसील दरभा में होने के उपरान्त विहित अवधि में मृत्यु का पंजीयन भूलवष नही कराया जा सका था । आवेदक के द्वारा आवेदन के साथ शपथ पत्र एवं पंजीयन जन्म-मृत्यु ग्राम पंचायत कामानार से जारी अनुपलब्धता प्रमाण पत्र संलगन किया गया है।

अतः इस संबंध में ग्रामवासियों को जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो न्यायालय के नियत तिथि 5/1/2024 के पूर्व आवेदन प्रस्तुत कर सकते है मियाद पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह इस्तहार आज दिनांक 20/12/2023 को मेरी हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर — तहसीलदार दरभा

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बकावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र.202311152200001/25

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामे रमेश भारती पिता स्व. सोनसाय भारती जाति भतरा ग्राम पाहुरबेल तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने माता स्व. लच्छनदेई पत्नी स्व. सोनसाय निवासी ग्राम पाहुरबेल तहसील बकावण्ड जिला बस्तर छग का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के माता स्व. लच्छनदेई निवासी ग्राम पाहुरबेल का दिनांक 17/04/2008 को मृत्यु हुई है। आवेदक रामे रमेश भारती पिता स्वः सोनसाय भारती जाति भतरा ग्राम पाहुरबेल तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के माता स्व.लच्छनदेई का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 29/12/2023 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 06/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बकावण्ड जिला बस्तर



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय सेमीनार में पहुंचे आलोक दुबे



**जगदलपुर।** दिल्ली में हाल ही में उपभोक्ता दिवस पर खाद्य विभाग भारत सरकार द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर का सेमीनार में जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य एवं अधिवक्ता आलोक कुमार दुबे बस्तर संभाग का प्रतिनिधित्व किया।

### शक्तिपीठ के वार्षिक उत्सव पर सामूहिक मंत्र जाप



**जगदलपुर।** धरमपूरा मार्ग स्थित गायत्री शक्ति पीठ अपना 43 वां वार्षिक उत्सव मना रहा है। दो दिवसीय इस आयोजम के पहले दिन सामूहिक मंत्र जाप किया गया। यह मंत्र जाप सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक जारी रहा। इसमें परिजन और अन्य श्रद्धालु मंत्र जाप करने जुटे रहे, गुरुवार को समापन पर हवन, आरती और प्रसाद वितरण होगा।

### सक्षम ने एसडीएम व तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर।** सक्षम ने कंगोली डंप यार्ड में नगर निगम की लापरवाही की वजह से गौ-वंश कर रहे हैं। मवेशियों के प्लास्टिक का सेवन उनकी की सुरक्षा हेतु डंपिंग यार्ड में सोमवार तक बॉउंड्री का कार्य प्रारंभ किए जाने को लेकर निगम आयुक्त, एसडीएम, तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। सक्षम नगर अध्यक्ष सुनील कुमार नत्थानी ने बताया कि कंगोली में पल्ली नाका के पास कुछ ही दूरी में नया कचरा डंप यार्ड बनाया गया है, जो चारो तरफ से खुला हुआ है, जिससे गौ-वंशों की सुरक्षा की दृस्टि से बहुत ही घातक है। डंप यार्ड के आसपास दिन भर सैकड़ों गौ वंश विचरण करते रहते है और डंप यार्ड मे पड़े पॉलीथिन को खा जाते हैं, मवेशियों के स्वस्थ के लिए हानिकारक और उनकी मौत का कारण बन सकता है। निगम को चेतावनी देते हुए सक्षम ने डंप यार्ड में कचरा फेंकना रुकवा कर सर्वप्रथम बॉउंड्री की व्यवस्था करवाई जाने की बात कही, जिससे गौवंश यार्ड में प्रवेश ना कर सके और हानिकारक पदार्थों का सेवन ना कर सकें।

### साहबजादों के कठोर बलिदान को जाने पूरा देश : किरण

# इतिहास के रियल लाइफ नायकों का बच्चे लें प्रेरणा : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पहली बार वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन,जुटी भीड़




वीर बाल दिवस के अवसर पर मंगलवार को शहर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री कश्यप ने कहा कि देश के महान सपूतों को नमन, जो धर्म के लिए मुगलों के सामने नहीं झुके। धर्म के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों साहबजादों की याद में प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर पूरा देश वीर बाल दिवस मना रहा है। देश, संस्कृति के लिए सब कुछ न्यौछावर करने वालों इन वीर रियल लाईफ नायकों का वर्तमान के बच्चे प्रेरणा लें। कश्यप ने कहा हमे बचपन मे कभी भी इस महत्वपूर्ण दिवस के विषय मे न पढ़ाया गया औ न ही इतिहास के किसी पुस्तक में इसका उल्लेख मिलता है। हम तो एक ही बाल दिवस से परिचित थे,लेकिन हमारे प्राधनमंत्री ने देश के ऐसे बलिदानी महापुरुषों और वीर बच्चों की सुध ली। हमे अपने प्रधानमंत्री पर गर्व है। मैं शिक्षा विभाग को अपना सुझाव देता हूं,कि पाठ्य पुस्तक में इन वीर बलिदानी बाल का विषय सम्मलित करे,ताकि नई पीढ़ी को इसकी जानकारी मिल सके।

कार्यक्रम में विधायक किरण देव ने साहबजादों की शहादत को नमन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इनके शहादत को सम्मान देने के लिए वीर बाल दिवस आयोजित करने को घोषणा की थी आम जनों को साहबजादों के कठोर बलिदान को पुरे देश को पता होना चाहिए। वर्तमान समय और आधुनिक संसाधनों के युग में स्कूली बच्चों को इन वीर सपूतों को याद रखना चाहिए।

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने स्वागत उद्बोधन में वीर बाल दिवस के आयोजन के संबंध में जानकारी दी और बताया कि गुरू गोविंद सिंह के चार पुत्र बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने मुगलों के खिलाफ अपने क्षेत्र, संस्कृति, धर्म के लिए लड़ते हुए अपनी प्राणों की आहुति दी। सरकार ने इन वीरों की याद में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस दौरान विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम नाग, नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे, रूपसिंग मण्डावी, योगेंद पांडे, रामाश्रय सिंह, श्रीनिवास राव मद्दी, वेदप्रकाश पांडे, नरसिंग राव,रजनीश पाणीग्राही, सुरेश गुप्ता संग्राम सिंह राणा, मनोज पटेल, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान सहित अन्य गणमान्य नागरिक व स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

#### सिख समाज के प्रतिनिधि ने दी जानकारी

कार्यक्रम में सिख सम्प्रदाय के प्रतिनिधि प्रवीर सिंह ने भारत सरकार द्वारा सिख संप्रदाय के दसवें गुरू गुरू गोविन्द सिंह के पुत्रों द्वारा देश की संस्कृति, धर्म की रक्षा में अपनी शहादत दी, उन्होंने प्रतिवर्ष वीर बाल दिवस मनाने के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही सभी गुरुओं के द्वारा इंसानियत के लिए किए कार्यों का भी वर्णन किया।

#### प्राधनमंत्री के संदेश किया प्रसारित

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभिभाषण का प्रदर्शन किया गया। साथ ही वीर बाल साहबजादों से संबंधित वीडियो फिल्म और फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष जनवरी में गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर प्रधानमंत्री ने प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस दिवस को मनाने के लिए सरकार नागरिकों, विशेषकर छोटे बच्चों को साहबजादों के अदम्य साहस की कहानी से अवगत कराने और शिक्षित करने के लिए पूरे देश में सहभागी कार्यक्रम आयोजित कर रही है। गौरतलब है कि देश में हर साल 26 दिसम्बर को गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के सर्वोच्च बलिदान और साहस की स्मृति में वीर बाल दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य युवाओं, किशोरों, देश वासियों, महिलाओं में राष्ट्र निर्माण के लिए योगदान एवं मूल्यों को स्थापित और सुदृढ़ बनाना है।

### स्वागत...



**जगदलपुर।** प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद पहली बार जगदलपुर पहुंचे स्थानीय विधायक किरण देव से मिलने नगरवासियों का तांता उनके निवास में लगा हुआ है। वरिष्ठ भाजपाई अनिल लुंकड़ एवं बिल्डर अशोक लुंकड़ ने भी मंगलवार को उन्हें हनुमान जी की मूर्ति भेंट की।

## सुशासन दिवस में सम्मिलित हुए केबिनेट मंत्री केदार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/भानपुरी

भारत के पुर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई के जयंती को भारतीय जनता पार्टी सुशासन दिवस के रूप में मना रहा हैं, इसी तारतम्य में भाजपा मंडल भानपुरी द्वारा ग्राम पंचायत करंदोला में आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के के मंत्री केदार कश्यप सम्मिलित होकर अटल जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, निर्देश दिवान, मंडल अध्यक्ष संतोष बघेल सहित भाजपा कार्यकर्त्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज का मना शक्ति दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज अधिकारी एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ की ओर से मंगलवार को शक्ति दिवस का आयोजन कालीपुर में किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभाग के कमिश्नर श्याम धावड़े, समाज के अध्यक्ष टीआर रात्रे एवं विशिष्ट अतिथि विशेष अतिथि लोक निर्माण विभाग जगदलपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता जीआर रावटे के सानिध्य में सामाजिक ध्वजारोहण किया गया और मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना किया गया। उसके बाद खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। साथ ही दसवीं, बारहवीं के प्रथम, द्वितीय एवं एमबीबीएस में चयनित बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी श्रीफल से सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज के संस्कृति पर प्रकाश डाला, समाज को बेहतर एवं प्रगतिशील करने की बात कही। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष डॉ. टीआर रात्रे, सचिव केआर रात्रे, डॉ. केके नाग, केजू ठाकुर, आनंद खरे, एमआर राणो, एके बलेन्द्र, डीपी बलेन्द्र, गेंदलाल कोकिला, जीआर ठाकुर, मंगल सिंग ठाकुर, ओपी चंदेल, एमडी मसिया, डीडी सिंग, गिरवर सिंह रावटे, एसडी गोयल, मदल ठाकुर, संदीप तारम, लोमेश कुमार बारला, श्रीमती अनिता रात्रे, ममता खरे, तनुजा पात्र, सुलोचना भुआर्य, अंजु रावटे, खिलेश्वर उर्वशा, कंचन रावटे, उर्वशी बर्सेल आदि शामिल रहे।

## देश के विकास से जुड़े निर्णयों में डेटा की अहम भूमिका: कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- विश्वविद्यालय के कंप्यूटर अनुप्रयोग अध्ययनशाला ने नेशनल मैथेमेटिक्स डे और विकसित भारत पर व्याख्यान का आयोजन



शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के कंप्यूटर अनुप्रयोग अध्ययनशाला ने शुक्रवार को विकसित भारत 2047 और नेशनल मैथेमेटिक्स डे पर डाटा एनलिटिक्स फॉर नेशनल डेवलपमेंट विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर डॉ मनोज कुमार श्रीवास्तव ने की। विशिष्ट अतिथि कुलसचिव अभिषेक कुमार बाजपेयी थे। कार्यक्रम के संयोजक विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार सोनी थे। मुख्य वक्ता के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग के प्रोफेसर डॉ मसूद एच सिद्धकी और डॉ. विवेक कुमार गुप्ता विभागाध्यक्ष कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग, साईं बाबा आदर्श महाविद्यालय अंबिकापुर वर्चुअली जुड़े रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय के डॉ रवि द्विवेदी की लिखित किताब हिस्ट्री ऑफ मैथेमेटिसियंस का विमोचन उपस्थित अतिथियों के द्वारा किया गया। संबोधन के क्रम में कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने डाटा एनालिटिक्स के बारे में बताते हुए कहा कि देश के विकास में डाटा का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि देश के विकास से जुड़े निर्णयों में डेटा की अहम भूमिका है। प्रोफेसर डॉ श्रीवास्तव ने कहा कि आज बीमारी का पता भी डेटा से लग रहा है। उसका इलाज भी इसके आधार पर हो जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज विज्ञापनों में भी डेटा का इस्तेमाल हो रहा है। नेशनल प्लानिंग में भी डेटा की उपयोगिता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ मसूद एच सिद्धिकी ने डाटा एनालिटिक्स फॉर नेशनल डेवपलमेंट विषय पर पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से छात्रों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह से आज डाटा मानव जीवन को बदल रहा है। उन्होंने आर्टिफियल इंटेलीजेंस से लेकर अन्य महत्वपूर्ण कामों में डाटा की उपयोगिता के बारे में बताया। इसी क्रम में डॉ विवेक कुमार गुप्ता ने नेशनल डाटा एंड एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म पर छात्रों को जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर डॉ. शरद नेमा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ आनंद मूर्ति मिश्रा, कार्यक्रम क सहसंयोजक सुश्री पल्लवी सिंह, श्री दुर्गेश केसर, डॉ. नीलेश तिवारी, केशव तिवारी समेत अलग-अलग विभागों के प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रूरल टेक्नॉलजी विभाग के अतिथि व्याख्याता दिलेश जोशी ने किया।

## भाजपा पार्षद दल और नगर मंडल ने किया प्रदेश अध्यक्ष किरण व कैबिनेट मंत्री केदार का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रविवार को नगर के स्टेट बैंक चौक के पास भाजपा पार्षद दल और नगर मंडल के प्रतिनिधियों ने प्रदेश अध्यक्ष किरण देव और कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप का गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं महिला पार्षदों के द्वारा रंगोली बनाया गया, जो आकर्षण का केंद्र था। इस दौरान पारंपरिक वेशभूषा माड़ीया सिंग पहनाकर, स्मृति चिह्न, बड़े गजमाला के साथ उनका स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता और नेता प्रतिपक्ष संजय पांडेय, नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

### प्याज 40 व मटर 50 रुपए किलो में बिका

**जगदलपुर।** शहर के साप्ताहिक बाजार इस रविवार को प्याज 40 एवं मटर 50 रुपए किलो बिका। प्याज महंगा होने से गृहणियों का बजट प्रभावित हो रहा है, प्याज की आपूर्ति मुख्य रूप से महाराष्ट्र नासिक, अहमदानगर और इंदौर से हो रही है। टमाटर 20, फूलगोभी 50, पत्तागोभी 40, हरी मिर्च 60, भिंडी 100, भट्टा 50, करेला 100, बरबटी 60, आलू 25 रुपए, अदरक 180, लहसून 180 रुपए किलो, लालभाजी, पालकभाजी एवं मैथी 20 रूपए में 8 जूड़ी बिकी।

## भानपुरी में प्रारम्भ हुआ प्रांतीय एकलव्य खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज : भानपुरी/जगदलपुर

वनवासी विकास समिति छग के तत्वाधान में भानपुरी में सोमवार को दो दिवसीय प्रांतीय एकलव्य खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। वनवासी विकास समिति के द्वारा प्रतिवर्ष प्रदेश की जनजातीय क्षेत्रों में खेलखुद का आयोजन कर ग्रामीण क्षेत्रों प्रतिभाओं का उभारकर लता हैं। इस दौरान मंत्री बनने के बाद पहली बार सार्वजनिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मुख्य अतिथि मंत्री केदार कश्यप ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा की वनवासी विकास समिति का यह कार्य बहुत नेक हैं। एकलव्य खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिए छात्र और प्रतिभागियों के जीवन में खेल प्रतिभा और जीवन में अनुशासन सीखने का बहुत अच्छी जगह हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कशयप, निर्देश दीवान सदस्य जिप, प्रांत सचिव अक्षयवर नाथ साई, प्रांत खेल खुद प्रमुख मगेन मंडावी, सह खेल खुद प्रमुख रामचंद्र मरावी, भूषण गुप्ता जनपद सदस्य, संतोष बघेल,विजय तिवारी, जिला समिति के कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## वीर बाल दिवस पर सिख समाज ने निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मंगलवार को वीर बाल दिवस के मौके पर शहर में सिख समाज ने चार साहिबज़ादो के सम्मान में शोभायात्रा निकाली। जिसमे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंग देव सम्मलित हुए।

शोभायात्रा गुरुद्वारे से प्रारम्भ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस गुरुद्वारा पहुंचा। इस दौरान सिख समाज के बड़ी संख्या में महिला,पुरुष,युवक-युवतियां और छोटे-छोटे बच्चे सम्मलित हुए। शोभायात्रा का विभिन्न संघ-संघटनो से पुष्प वर्षा से जगह-जगह स्वागत किया।





